प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 11.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड पर्यटन विकास निगम–जेटीडीसी, झारखंड विद्युत निगम और झारखंड उर्जा उत्पाद निगम के खाते से लगभग 107 करोड़ रूपये की हेराफेरी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार।
2. झारखंड उच्च न्यायालय ने बगोदर के पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगदीश पासवान की बर्खास्तगी के राज्य सरकार के आदेश को किया रद्द।
3. जदयू के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा– पार्टी का जो निर्देश होगा, वे वहीं से चुनाव लड़ेंगे।
4. पूरे देश में दुर्गा पूजा उत्सव का उल्लास चरम पर पहुंचा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश यात्रा के दूसरे दिन आज लाओस में मां सिद्धिदात्री की स्तुति की।

****

झारखंड पर्यटन विकास निगम–जेटीडीसी, झारखंड विद्युत निगम और झारखंड उर्जा उत्पाद निगम के खाते से लगभग 107 करोड़ की हेराफेरी के मामले में सीआइडी ने जेटीडीसी के अधिकारी और बैंक मैनेजर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फर्जीवाड़ा का खुलासा होने के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। इस मामले में अभी जांच जारी है। राशि की हेराफेरी मामले में 28 सितंबर को एफआइआर दर्ज किया गया था।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने बगोदर के पूर्व प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगदीश पासवान की बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की अदालत ने राज्य सरकार के इस आदेश के रद्द करते हुए कहा कि बिना नियमों का पालन किये बर्खास्तगी का आदेश जारी किया गया है जो उचित नहीं है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि आरोपी के खिलाफ जांच के दौरान एक भी व्यक्ति की गवाही नहीं ली गयी। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने श्री पासवान को चार लाख रूपये का हिसाब नहीं देने और पांच बोरा चावल वितरण में गड़बड़ी के आरोप में बर्खास्त कर दिया था।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने जैप–6 जमशेदपुर के कमांडेंट आनंद प्रकाश के पांच साल और तीन माह की निलंबन अवधि का वेतन का भुगतान का निर्देश दिया है। इसी के साथ एकल पीठ ने निलंबन अवधि का वेतन नहीं देने के बिहार सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया। निलंबन अवधि 24 जनवरी 2006 से आठ अप्रैल 2011 के दौरान आनंद प्रकाश बिहार के गया में डीएसपी के पद पर थे। बिहार सरकार ने क्रिमिनल केस के तहत उनपर कार्रवाई की थी, लेकिन उनके खिलाफ लगाये गये आरोप सिद्ध नहीं हुए और उन्हें सजा नहीं मिली।

****

जदयू के वरिष्ठ नेता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि उनकी पार्टी का जो निर्देश होगा, वे वहीं से चुनाव लड़ेंगे। हमारे जमशेदपुर संवाददाता से बातचीत में श्री राय बताया कि उनकी इच्छा जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़ने की है, लेकिन जदयू चाहता है कि जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी दोनों एनडीए गठबंधन की झोली में आए, इसलिए उनको जमशेदपुर पश्चिम से लड़ने के लिए कहा जा रहा है, ताकि वे पश्चिमी सीट पर जीत दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के निर्णय का पालन करेंगे।

इस दौरान सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया। श्री राय ने कहा कि उन्होंने राज्य सरकार से बन्ना गुप्ता की संपत्ति की जांच की भी मांग की है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ आरोपों से संबंधित सबूत भी सौंपे हैं।

****

राज्य सरकार के कर्मियों और सेवानिवृत्त लोगों को एक नवंबर से स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। बीमा का लाभ लेने के लिए संबंधित पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। इसके लिए विभागों की ओर से कैंप लगाकर कर्मियों का निबंधन कराया जायेगा।

****

देशभर में दुर्गा पूजा उत्सव का उल्लास चरम पर पहुंच गया है। शारदीय नवरात्र अनुष्ठान में आज महानवमी पर मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा की जा रही है। इस अवसर पर पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ कन्या पूजन का भी विधान है।

इधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दुर्गा पूजा के अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार पूरी तरह से देवी दुर्गा के प्रति समर्पित होने और सभी धर्मों के बीच एकता और समझ को बढ़ावा देने का अवसर है। राष्ट्रपति ने मां दुर्गा से न्यायपूर्ण, संवेदनशील और न्यायसंगत समाज बनाने के लिए शक्ति, साहस और दृढ़ संकल्प प्रदान करने की कामना की। उधर, विदेश यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाओस में आज सुबह मां सिद्धिदात्री की स्तुति की। उन्होंने शारदीय नवरात्र के समापन पर उपासकों को लक्ष्य–सिद्धि का आशीर्वाद मिलने की कामना की।

****

साहिबगंज को दो नयी ट्रेनों की सौगात मिली है। अमृत भारत स्टेशन के तहत रेलवे स्टेशन का भी विकास तेज गति से किया जा रहा है।

****

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिवस दुनियांभर में लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और अवसरों के महत्व को रेखांकित करता है। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस वर्ष के आयोजन का विषय भविष्य के प्रति लड़कियों की संकल्प दृष्टि है।

****